T


# पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

CIN :- U40101UR2004SGC028675

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

E-mail : hr@ptcul.org

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वेबसाइट : www.ptcul.org

PTCUL


पत्रांक : 1070/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ दिनांक: २२ .06.2026

**विषयः– सेवानिवृत्त कार्मिकों पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयको/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 20.06.2026 को कारपोरेट मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक,**
**समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक,**
**समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल....................।**

कृपया दिनांक 20.06.2026 को सेवानिवृत्त कार्मिकों, पारिवारिक पेंशनधारियों एवं मृत कर्मचारियों के लम्बित देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता के सम्बन्ध में कारपोरेशन मुख्यालय में आयोजित की गयी मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की प्रतिलिपि संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नः यथा उपरोक्त।**

(विवेकानन्द)
उमहाप्रबन्धक (मा0सं0)

**पत्रांक /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ तददिनांक : –**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त की छायाप्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी–सचिव–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0एवंप्रौ0), पिटकुल देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया विषयगत पत्र को संलग्नक सहित कारपोरेशन की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः यथा उपरोक्त।**

(विवेकानन्द)
उमहाप्रबन्धक (मा0सं0)

DM / ADIT-2.

JE(IT)-2
For website update

uploaded

**कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृतक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों की पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में दिनांक 20.06.2026 को कारपोरेट मुख्यालय में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थितिः**

बैठक में विभिन्न इकाईयों, वित्त विभाग तथा मानव संसाधन विभाग के कार्मिक ऑन लाईन/ऑफ लाईन माध्यम से उपस्थित हुए।

**कामीर्कों की उपस्थिति**

1. श्री विवेकानन्द, उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)।
2. श्री दीपक पाण्डे, वरिष्ठ लेखाधिकारी (प्र0)
3. श्री राजेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी।
4. श्री शिवराज पुण्डीर, लेखाकार।
5. श्री सी0डी0एस0 बिष्ट, कार्यालय अधीक्षक–प्रथम।
6. श्रीमती ममता, कार्यालय अधीक्षक–प्रथम।

**विभिन्न इकाईयों से प्राप्त निस्तारित/लम्बित पेंशन प्रकरणों का विवरण एवं अद्यतन स्थितिः–**

| क्र0 सं0 | सेवानिवृत्त/ मृतक कार्मिक का नाम एवं पदनाम | सेवानिवृत्त/ मृत्यु की तिथि | इकाई का नाम | पेंशन प्रकरण की अद्यतन स्थिति | प्रकरण जिस स्तर पर लम्बित है मा0सं0 अनुभाग द्वारा उस अनुभाग को दिये गये दिशा–निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती बीना बिष्ट, कार्यालय अधीक्षक–वि0श्रेणी | 31.01.2026 | मुख्य अभियन्ता (परियोजना) कार्यालय, पिटकुल। | प्रकरण दिनांक 20.06.2026 को लेखाहकदारी को प्रेषित कर दिया गया है। | --- |

**सेवानिवृत्त कार्मिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों तथा मृत्तक कार्मिकों के लम्बित विभागीय देयकों/पेंशन प्रकरणों के निस्तारण तथा कार्मिकों के पदधारिता विवरण के सम्बन्ध में बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–**

1. बैठक में उपस्थित समस्त कार्मिकों को उनके कार्यालयों में Apprenticeship कर रहे अभ्यर्थियों की उपस्थिति का विवरण प्रत्येक माह की 01 तारीख को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. बैठक में उपस्थित समस्त कार्मिकों को उनके कार्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से कार्योजित टी0जी0–2 (विद्युत), डाटा एन्ट्री आपरेटर, कुक, हैल्पर, केयर टेकर इत्यादि संविदा कर्मियों की सूचना ससमय भेजने हेतु निर्देशित किया गया।
3. बैठक में उपस्थित सभी कार्मिकों को कार्यालयी कार्य ई–ऑफिस के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर कार्मिकों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक उनको ई–ऑफिस हेतु आईडी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। उक्त के सम्बन्ध में कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वह ई–ऑफिस आईडी उपलब्ध करवाने हेतु अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से नोडल अधिकारी ई–ऑफिस को पत्र प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।
4. बैठक में उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0), पिटकुल द्वारा निर्देशित किया गया कि कारपोरेशन में कार्यरत कार्मिकों के हेल्थ कार्ड बनाये जाने हेतु उनके आश्रितों से सम्बन्धित सूचना को पूर्णरूप से भरकर एवं प्रकरण का भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त ही मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग को प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।
5. बैठक में उपस्थित श्री अंकुर सक्सेना, कार्यालय अधीक्षक–प्रथम, 220 के0वी0 परि0एवंअनु0 खण्ड, हल्द्वानी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 31.12.2025 को सेवानिवृत श्रीमती छाया देवी, तकनीशियन ग्रेड–द्वितीय (लाईन) द्वारा वर्तमान तक भी विभागीय आवास रिक्त नहीं किया गया है, जिस कारण उनके देयों एवं पेंशन प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही सम्भव नहीं हो पा रही है। उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0) द्वारा श्रीमती छाया देवी, तकनीशियन ग्रेड–द्वितीय (लाईन) (से0नि0) को विभागीय आवास रिक्त करने के सम्बध में पत्र प्रेषित किये जाने एवं उन्हें विभागीय आवास रिक्त न किये जाने की स्थिति में पैनल रेन्ट की वूसली से भी अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

| | | |
|---|---|---|
| (राजेश कुमार)<br>सहायक लेखाधिकारी | (दीपक पाण्डे)<br>वरिष्ठ लेखाधिकारी (प्र0) | (विवेकानन्द)<br>उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0) |